वर्ष- 3 , अंक- 173
छपरा
27 मई बुधवार 2026
पृष्ठ - 04
दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# स्टडी में खुलासा: हिमालय तक पहुंच गया प्रदूषण, गंगा के मैदान में प्रदूषण 20 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** एक स्टडी में पाया गया है कि केवल एक दशक में पीएम प्रदूषण 20 फीसदी ये ज्यादा बढ़ गया है। इसमें बिहार और पश्चिम बंगाल सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। इतना ही नहीं, मैदानों से निकलने वाला प्रदूषण अब हिमालय तक भी पहुंच रहा है।

कोलकाता के बोस इंस्टीट्यूट ने यह स्टडी की है, जिसे 'एटमॉस्फेरिक एनवायरनमेंट' जर्नल में प्रकाशित करवाया गया है। स्टडी में यह भी सामने आया है कि अभी तक देश में बायोमास जलाने की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

अध्ययन से पता चला है कि थर्मल पावर प्लांट, बायोमास जलने और शहरी ठोस कचरा जलने से लगातार होने वाले उत्सर्जन से प्रदूषण की स्थिति गंभीर होते जा रही है। यह गंगा के मैदान, हिमालयी क्षेत्र और पूर्वोत्तर भारत के 25 सालों के डेटा पर आधारित एक सैटेलाइट स्टडी है।

**हिमालय तक कैसे पहुंच रहा प्रदूषण**

स्टडी में बताया गया है कि मैदानों में हो उत्सर्जन हो रहा है, वह सीधे हिमालय में एरोसोल की मात्रा को प्रभावित कर रहा है। एरोसोल वातावरण में धूल, कालिख और रासायनिक बूंदों जैसे सूक्ष्म ठोस या तरल कणों के सस्पेंशन को कहते हैं।



### चौंकाने वाले आंकड़े

हालांकि अध्ययन में ये पाया गया कि भारत के राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के कारण बिहार, पश्चिम बंगाल और असम में पार्टिकुलेट मैटर के स्तरों में मापने योग्य सुधार देखने को मिले। लेकिन ये राज्य अभी भी अभी भी कार्बनयुक्त एयरोसोल के हॉटस्पॉट बने हुए हैं।स्टडी से पता चला कि जो कार्बन प्रदूषण 2000-2009 के दौरान बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तरी पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा और बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में केंद्रित था, वह 2020-2024 तक पूरे पश्चिम बंगाल, बिहार, बांग्लादेश और असम, मेघालय और त्रिपुरा तक फैल गया।

पंजाब, हरियाणा और दिल्ली का प्रदूषण हिमालय की पश्चिमी और मध्य श्रेणियों तक पहुंच रहा है और बिहार और पश्चिम बंगाल का प्रदूषण पूर्वी हिमालय को नुकसान पहुंचा रहा है। इससे पता चलता है कि पहाड़ों की हवा में भी अब वायु प्रदूषण घुल चुका है।

## अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण दुबई, मस्कट नहीं जा पाए बकरे

### विदेश में 4 लाख का भाव मिलता था, अजमेर में 1.5 लाख में बिक रहे

**अजमेर,एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और समुद्री जहाजों की सप्लाई चेन पूरी तरह ठप हो गई है। इसका सीधा और बड़ा असर अजमेर की प्रसिद्ध बकरा मंडी पर पड़ा है। इस तनाव की वजह से अजमेर से खाड़ी देशों को होने वाला बकरों का एक्सपोर्ट पूरी तरह रुक गया है।नतीजतन, जो बकरे दुबई, ईरान और मस्कट जैसे देश के बाजारों में 4 लाख रुपए तक की भारी-भरकम कीमत पर बिकते थे, उनकी कीमत अब गिरकर महज डेढ़ लाख रुपए तक ही रह गई है। विदेशी खरीदार न मिलने से स्थानीय व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।



अजमेर मंडी के कारोबारियों के मुताबिक, बकरीद के सीजन के दौरान यहां महज 15 दिनों के भीतर 50 करोड़ रुपए से ज्यादा का टर्नओवर होता था। इस बार युद्ध के हालातों के कारण 2 करोड़ रुपए से ज्यादा का सीधा नुकसान हो चुका है।

बकरा ईद आने वाली है। इसे देखते हुए अजमेर के ब्यावर रोड पर बकरा मंडी सज गई है। यहां 2 लाख तक के बकरे उपलब्ध हैं। अजमेर की बकरा मंडी में बॉलीवुड सितारों के नाम वाले बकरों की डिमांड खूब है। कोई 'सलमान' है तो कोई 'शाहरूख'। 'सुल्तान', 'युवराज', 'फारूक' भी किसी से कम नहीं। 18 इंच लंबे कानों वाली 'परी' भी खास है। इनकी ठाट-बाट ऐसी कि आम आदमी हैरान रह जाए। ये हरा चारा कम और काजू, बादाम ज्यादा खाते हैं। इनकी डाइट में दूध और शुद्ध देसी घी भी शामिल है।

## दिल्ली जिमखाना क्लब ने सरकार से दूसरी जगह जमीन मांगी

### केंद्र ने 27.3 एकड़ जमीन वापस मांगी थी, 5 जून तक खाली करने का ऑर्डर




**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकारी की 113 साल पुराने दिल्ली जिमखाना क्लब को लेकर बनाई गई जनरल कमेटी ने सोमवार को सरकार से अपील की है कि क्लब का कामकाज प्रभावित न किया जाए। कमेटी ने कहा कि अगर सरकार कब्जे की कार्रवाई आगे बढ़ाती है तो क्लब को दूसरी जगह जमीन दी जाए।

दरअसल, लुटियंस दिल्ली स्थित ऐतिहासिक क्लब पर करीब 48 करोड़ रुपए का ग्राउंड रेंट बकाया है। लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस (L&DO) ने सितंबर 2025, मार्च 2026 और अप्रैल 2026 में क्लब प्रबंधन को नोटिस भेजे थे।

अप्रैल में जारी आखिरी नोटिस में एक हफ्ते के भीतर बकाया राशि जमा करने को कहा गया था। साथ ही चेतावनी दी गई थी कि भुगतान नहीं होने पर क्लब की 27.3 एकड़ जमीन वापस ले ली जाएगी। इसके बाद 22 मई को क्लब को 5 जून तक कैंपस खाली करने का ऑर्डर दिया है।

दिल्ली जिमखाना क्लब की स्थापना ब्रिटिश काल में हुई थी। 1913 में यह इम्पीरियल दिल्ली जिमखाना क्लब नाम से शुरू हुआ था। आजादी के बाद इसका नाम बदलकर दिल्ली जिमखाना क्लब कर दिया गया। मौजूदा भवन 1930 के दशक में बनाए गए थे।

## एक्सप्रेस-वे पर एसी बस पलटी दरोगा समेत 7 की मौत



### ● खिड़कियों से गिरे लोग, 25 घायल, एक का पैर कटकर अलग ; उन्नाव में हादसा

**उन्नाव,एजेंसी।** उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर एसी बस मंगलवार सुबह करीब 5 बजे अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दरोगा-कैदी समेत 7 यात्रियों की मौत हो गई। 3 पुलिसकर्मी समेत 25 लोग घायल हैं। दिल्ली से बिहार जा रही बस में 36 यात्री सवार थे। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस तेज रफ्तार में थी। अचानक ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया। बस डिवाइडर से टकराकर किनारे लगी रेलिंग पर लटक गई। इससे कई यात्री बस की खिड़कियों से एक्सप्रेस-वे के नीचे गिर गए। एक का पैर कटकर अलग हो गया। हादसा औरास थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 262 के पास हुआ। मृतकों में बिहार के सीवान पुलिस लाइन में तैनात दरोगा रामचंद्र राम (59) और गुरुग्राम निवासी कैदी छत्तरपाल सिंह तोमर (59) भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, सीवान पुलिस की टीम 24 मई को कैदी को गुरुग्राम कोर्ट में पेशी के लिए लेकर गई थी।




### एंबुलेंस से 27 घायलों को अस्पताल पहुंचाया

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। एक्सप्रेस-वे के बगल में ढलान वाली जगह पर घायल तड़पते रहे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। 6-7 एंबुलेंस की मदद से 32 घायलों को पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

### गंभीर घायल लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर

CHC में डॉक्टरों ने 6 यात्रियों को मृत घोषित कर दिया। बाकी को प्राथमिक इलाज के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान एक और घायल ने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, बस में अधिकतर यात्री बस्ती, सिद्धार्थनगर और गोरखपुर के रहने वाले थे।

## सीएनजी 2 प्रति किलोग्राम तक महंगी दिल्ली में कीमत 83.09 किलो

### इस महीने चौथी बार दाम बढ़े, अब तक 6 इज़ाफा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** ईरान जंग के बीच कंप्रेस्ड नेचुरल गैस यानी CNG के दाम पिछले दो हफ्तों के भीतर चौथी बार बढ़ गए हैं। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (IGL) ने आज मंगलवार 26 मई को CNG 2 प्रति किलोग्राम महंगी कर दी है। दिल्ली-NCR सहित कई शहरों में ये दाम बढ़ाए गए हैं।

**पेट्रोल-डीजल के दाम महीने में चौथी बार बढ़े:** तेल कंपनियों ने 25 मई को पेट्रोल 2.61 और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा कर दिया। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 102.12 और डीजल की कीमत 95.20 हो गई है।

**पेट्रोल-डीजल और CNG की कीमतों में क्यों हुई बढ़ोतरी :** पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के दामों बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं।क्रूड ऑयल की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रही है तो पेट्रोल-डीजल और CNG की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।




### तेल कंपनियों को हर दिन 600 करोड़ का घाटा

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने 25 मई को बताया कि सरकारी तेल कंपनियों को करीब 600 करोड़ रुपए प्रति दिन का घाटा हो रहा है।

15 मई से शुरू हुए कीमतों में बदलाव से पहले पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस बेचने पर कंपनियों को रोजाना लगभग 1,000 करोड़ रुपए का घाटा हो रहा था।

## तमिलनाडु की कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला
## नाबालिग से रेप-हत्या के दोषी को 75 दिन में दोहरी फांसी की सजा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** तमिलनाडु में एक 17 साल की लड़की से रेप कर उसकी हत्या करने वाले दरिंदे को अदालत ने दोहरी मौत की सजा सुनाई है। मामला तूतीकोरिन जिले के एक रिमोट विलेज का है। अदालत ने फोरेंसिक सबूतों और एक विंडमिल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को फैसले का आधार बनाया।दरअसल नाबालिग शौच के लिए बाहर गई थी, जिसे दोषी धर्ममुनीश्वरन ने रास्ते में रोक लिया। इसके बाद उसने पहले उसका बलात्कार किया और फिर हत्या कर दी। मामला सामने आने के बाद पुलिस जांच में जुटी थी, लेकिन उसे कोई सबूत नहीं मिल पा रहा था।

**सीसीटीवी फुटेज से खुला राज:**पुलिस ने वेदानथम गांव और तूतीकोरिन शहर के बीच लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की लगभग 1 हजार घंटे की फुटेज खंगालनी शुरू की। तब जाकर क्राइम सीन के पास स्थित विंडमिल फार्म में लगे एक अकेले कैमरे की फुटेज से उसे लीड मिली।

फुटेज में धर्ममुनीश्वरन 10 मार्च को दोपहर लगभग 2:30 बजे गांव में प्रवेश करते दिखा। यह वारदात से करीब 4 घंटे पहले का समय था। इसके बाद वह 11 मार्च को सुबह 6:30 बजे गांव से बाहर निकलते भी देखा गया। पुलिस ने चेक वाली शर्ट के आधार पर उसकी पहचान की और फिर उसकी मूवमेंट पर नजर रखी।



### 75 दिन में आया फैसला:

अपराध के समय आरोपी द्वारा पहनी गई शर्ट से लिए गए नमूने लड़की के ब्लड ग्रुप से मैच हो गए। वहीं पीड़िता के गुप्तांगों से लिए सीमन सैंपल भी डीएनए जांच में दोषी से मेल खा गए।

## किसानों की समृद्धि के लिए सरकार उठा रही प्रभावी कदम

### कम खर्च में दोगुनी होगी पैदावार :अमित शाह

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार किसानों की समृद्धि और कृषि के आधुनिकीकरण के लिए प्रभावी उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नवोन्मेषी उत्पादों के परिचय ने भारत की वैश्विक स्थिति को उर्वरक क्षेत्र में मजबूत किया है। इसके अलावा किसानों को कम लागत पर उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में मदद की है।



सोमवार को आयोजित इफ्को की 55वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के अवसर पर अपने लिखित संदेश में शाह ने भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफ्को) के प्रयासों की सराहना की, जो देश के सहकारी आंदोलन को मजबूत करने और उर्वरक तथा कृषि क्षेत्र की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह संदेश इफ्को ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर साझा किया।

शाह ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार किसानों की समृद्धि और कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है, ताकि 2047 तक विकसित राष्ट्र का सपना साकार हो सके। '

उन्होंने पीएम-किसान और डिजिटल कृषि मिशन जैसी सरकारी योजनाओं को उजागर किया। इफ्को के अध्यक्ष दिलीप संघानी ने इफ्को की निरंतर सफलता के पीछे की सामूहिक शक्ति को उजागर किया।



## यूपी का बांदा लगातार 8वें दिन 47 डिग्री पार

### देश में सबसे गर्म शहर ; पंजाब में स्कूल-सरकारी दफ्तरों की टाइमिंग बदली ; मानसून अटका

**नई दिल्ली/भोपाल/ जयपुर/लखनऊ,एजेंसी।** देश के उत्तर-पश्चिम में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर में दिल्ली-हिमाचल, यूपी, दक्षिण-पश्चिम में ओडिशा और तेलंगाना भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। पश्चिम में गुजरात, महाराष्ट्र और सेंट्रल इंडिया में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के एमपी से लगा हिस्सा और छत्तीसगढ़ में गर्मी का सबसे खतरनाक दौर चल रहा है।

भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को यूपी के बांदा और विदर्भ का ब्रह्मपुरी में सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां लगातार 8वें दिन 47डिग्री से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। छतरपुर का खजुराहो 47.2डिग्री के साथ तीसरे नंबर पर और नौगांव 46.8डिग्री के साथ चौथा सबसे गर्म शहर रहा।

## सुप्रीम कोट की बड़ी टिप्पणी
# 'बेटियों की शादी बचाने की माता-पिता की चिंता लड़कियों को मौत के जाल में धकेल रही हैं'

नई दिल्ली,एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक व्यक्ति को दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अपनी बेटियों की शादी बचाने की माता-पिता की चिंता कई महिलाओं को मौत के जाल में धकेल सकती है। वे प्रताड़ना की शिकायतों के बावजूद उन्हें उनके ससुराल वापस भेज देते हैं।दहेज के मामलों की बढ़ती संख्या के बीच सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले की शुरुआत समाज के सामने सोचने के लिए एक सवाल रखकर की। जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने पूछा, 'क्या युवा सोमा आचार्य की जान बचाई जा सकती थी? क्या सामाजिक बदनामी के डर की वजह से सोमा को भेड़ियों के हवाले कर दिया गया? '

**कोर्ट ने क्यों की ये टिप्पणी?**

अदालत ने यह पाया कि सोमा ने बार-बार अपने माता-पिता को अपने साथ हो रही प्रताड़ना के बारे में बताया था लेकिन बड़ों द्वारा उसके और उसके पति के बीच सुलह कराने की कोशिश किए जाने के बाद उसे वापस भेज दिया गया।इस मामले को आंखें खोलने वाला बताते हुए जस्टिस विश्वनाथन ने कहा, 'उसने बार-बार अपने माता-पिता से उसे बचाने की गुहार लगाई और यहां तक कि वह अपने मायके भी आई और कुछ दिनों तक उनके साथ रही। लेकिन, जब भी उसने यह मुद्दा उठाया तो हर बार सुलह कराने और उसे वापस उसके ससुराल भेजने की ही कोशिशें की गईं। '



**'घरवालों ने रखी झूठी उम्मीद'**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गांव के बड़े-बुजुर्ग इसमें शामिल थे और कथित समझौतों के बाद प्रस्ताव पारित किए गए थे। कोर्ट ने कहा, 'सोमा के अपने करीबी और प्रियजनों ने भोलेपन में यह मान लिया था कि किसी न किसी तरह हालात बेहतर हो जाएंगे।

### कोर्ट ने क्या पाया?

शादी के 15 महीने बाद सोमा का शव फंदे से लटका मिला था। पति ने दलील दी थी कि उसने आत्महत्या की थी। कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए कि कहा कि मेडिकल और अन्य सबूत साफ तौर पर दहेज उत्पीड़न से जुड़ी हत्या की ओर इशारा करते हैं।

इसमें यह बात नोट की गई कि रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों से पता चलता है कि सोमा को एक मोटरसाइकिल, टीवी और अन्य सामानों की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया था और उसके माता-पिता ने कुछ मांगें मान भी ली थीं।

अदालत ने टिप्पणी की, 'मृतक के शरीर पर पाए गए जख्म आत्महत्या के लिए फांसी लगाने के किसी सामान्य मामले से मेल नहीं खाते।' साथ ही यह भी कहा कि ये जख्म ऐसे नहीं थे जिन्हें व्यक्ति ने खुद को पहुंचाया हो।

बेंच ने कहा कि मेडिकल सबूतों से संकेत मिलता है कि सोमा की मौत से पहले उसके साथ हिंसा की गई थी, जिससे आत्महत्या की थ्योरी गलत साबित होती है और यह 'नकली फांसी' का मामला लगता है।

## क्षेत्र की रेल समस्याओं और जन-आकांक्षाओं को प्रमुखता से पटल पर रखा

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थानाक्षेत्र के मढ़ौरा सब्जी बाजार स्थित एक बर्तन की दुकान चोरी करते हुए किशोर को स्थानीय लोगों ने रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । इस दौरान पुलिस ने किशोर को विधी विरुद्ध करते छपरा जरुरी कार्यवाई हेतु न्यायलय भेज दिया। पुलिस ने बताया कि सब्जी बाजार स्थित शंभु वर्तन दुकान में चोरी करते हुए पकहां के एक किशोर को पकड़ कर हवाले कर दिया । पुलिस ने बताया कि चोरी के 70 ग्राम तांबे को जब्त करते हुए थानाकांड संख्या 454/26 दर्ज कर जरुरी कार्रवाई की जा रही है।

## मढ़ौरा के जमालपुर में दो पक्षों के बीच मारपीट, महिला से छेड़खानी व जानलेवा हमले का आरोप

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, घर पर चढ़कर हमला करने और महिलाओं से बदसलूकी का मामला सामने आया है। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। प्रथम पक्ष की रिंकी देवी (पति मंजय साह) ने आरोप लगाया है कि 24 मई 2026 की दोपहर करीब 1 बजे जब वह खेत की तरफ गई थीं, तो गांव के ही चंदन कुमार और कुंदन कुमार ने उनके साथ छेड़खानी की। शोर मचाने पर जब ग्रामीण दौड़े, तो आरोपी भाग गए। महिला का आरोप है कि इसी बात की खुन्नस में उसी शाम करीब साढ़े सात बजे आरोपियों ने अपने अन्य परिजनों अमदनी साह, नंदन कुमार, तुलसी साह, लक्ष्मी देवी आदि के साथ लाठी, तलवार और रॉड से उनके घर पर हमला कर दिया।बीच-बचाव करने आए महिला के पति मंजय साह और ससुर पर तलवार से जानलेवा हमला किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बचाने आई गोतनी के साथ भी मारपीट की गई और गहने छीन लिए गए। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के आमदनी साह ने भी थाने में आवेदन देकर विपरीत आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि 24 मई की शाम करीब 7 बजे बच्चों के आपसी विवाद को लेकर पड़ोसी पक्ष के 15-20 लोगों ने लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने घर में घुसकर गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इस मारपीट में आमदनी साह, उनकी पत्नी, पुत्र श्रवण साह और पुत्रवधू बबिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## हूटर बजाती 'बिहार सरकार' लिखी गाड़ी से पहुंचे बदमाश कांड में दो गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** बिहार सरकार का लोगो लगी इनोवा कार और हूटर का इस्तेमाल कर खुद को अधिकारी बताने वाले अपराधियों ने चार व्यवसायियों से हथियार के बल पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में पटना जिले के पीरबहोर थाना क्षेत्र निवासी इनायत अली तथा आरा निवासी फिरोज शामिल हैं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त इनोवा कार भी बरामद कर ली है, जिस पर बिहार सरकार का लोगो और हूटर लगा हुआ था।जानकारी के अनुसार, मढ़ौरा थाना क्षेत्र के चार व्यवसायी किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान हूटर बजाती एक संदिग्ध इनोवा कार उनके पास आकर रुकी। गाड़ी पर बिहार सरकार का लोगो लगा होने के कारण व्यवसायियों को पहले शक नहीं हुआ। कार से उतरे बदमाशों ने खुद को अधिकारी जैसा प्रदर्शित करते हुए व्यवसायियों को रोक लिया और फिर कट्टा दिखाकर करीब सात हजार रुपये नकद, सोने की चेन, अंगूठी एवं मोबाइल फोन लूट लिया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित व्यवसायियों ने दरियापुर थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी जांच एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की। जांच के क्रम में पुलिस ने छापेमारी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से घटना में प्रयुक्त इनोवा कार बरामद की गई है। वाहन पर बिहार सरकार का लोगो लगा था और हूटर भी फिट किया गया था, जिसका इस्तेमाल लोगों को भ्रमित करने के लिए किया जा रहा था। पुलिस पूरे गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## चिरान्द के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने किया पवित्र स्नान, गूंजा हर-हर गंगे का जयघोष

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** धार्मिक नगरी चिरान्द में मंगलवार को श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। गंगा, सरयू एवं सोन नदी के संगम तट सहित बंगाली बाबा घाट, जहाज घाट, मेला घाट, डोरीगंज घाट के अलावे विभिन्न घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने पवित्र स्नान कर पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और मोक्ष की कामना की। घाटों पर 'हर-हर गंगे' और 'बोल बम' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर प्रवचन करते हुए कंश दियर शिव मंदिर के महंथ व चिरान्द विकास परिषद के संरक्षक श्री श्री 1008कृष्ण गिरी उपाख्य नागा बाबा ने कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार राजा भगीरथ ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और उद्धार के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर माँ गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुईं। उन्होंने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और जीवन की प्रतीक हैं। गंगा स्नान से मनुष्य के पापों का नाश होता है और आत्मिक शांति प्राप्त होती है। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद दान-पुण्य भी किया। घाटों पर सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवक भी सक्रिय दिखाई दिए।

## जीविका के जिला व प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को दिया गया विधिक जागरूकता प्रशिक्षण

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** जिला अंतर्गत जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के लिए एक दिवसीय विधिक जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार क़ो किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृष्णा कांत त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने परियोजना से जुड़े विभिन्न विधिक प्रावधानों, प्रक्रियाओं एवं मामलों पर विस्तार से जानकारी देते हुए अधिकारियों को आवश्यक कानूनी पहलुओं के प्रति जागरूक किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला के सभी विषयगत प्रबंधक, जिला सलाहकार, युवा पेशेवर, कार्यालय सहायक तथा सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधकों ने भाग लिया। इस दौरान अरुण कुमार ने कहा कि जीविका के कार्यों के सफल, पारदर्शी और प्रभावी संचालन के लिए विधिक प्रावधानों की जानकारी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारियों को अपने दायित्वों के निर्वहन में अधिक सक्षम और जागरूक बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान समुदाय आधारित संगठनों से जुड़े विधिक पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से संकुल स्तरीय संघों से संबंधित विधिक प्रक्रियाओं, नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी साझा की गई। साथ ही कार्यालय में दैनिक स्तर पर संचालित गतिविधियों के दौरान अपनाए जाने वाले आवश्यक विधिक मानकों और नियमों की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों के बीच विधिक जागरूकता बढ़ाना तथा प्रशासनिक कार्यों में विधिक प्रक्रियाओं के बेहतर अनुपालन को सुनिश्चित करना रहा।

# सांसद रूडी की अध्यक्षता में रेल विकास और यात्री सुविधाओं पर सोनपुर में महामंथन

### छोटे-बड़े सभी रेलवे स्टेशन सीसीटीवी व सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम से जुड़ेंग




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** मंगलवार को सोनपुर रेल मंडल संसदीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को सारण के सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस उच्चस्तरीय बैठक में मुख्य रूप से रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार, स्टेशन विकास, बुनियादी ढांचे की मजबूती और जनहित से जुड़े नीतिगत विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बतौर अतिथि केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी, सांसद वीणा देवी, सांसद तारिक अनवर एवं सांसद राजेश वर्मा सहित सोनपुर मंडल के तमाम वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने अध्यक्ष राजीव प्रताप रूडी और अन्य माननीय जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।

**यात्री सुरक्षा और स्टेशनों का आधुनिकीकरण:** बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी को लेकर मांगे गए स्पष्टीकरण पर रेल प्रशासन ने बेहद अहम जानकारी दी। रेलवे की ओर से बताया गया कि मंडल के छोटे-बड़े सभी रेलवे स्टेशनों को चरणबद्ध तरीके से सीसीटीवी निगरानी प्रणाली से लैस किया जाएगा। इन सभी को एक सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम से जोड़ा जा रहा है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और स्टेशनों की निगरानी व्यवस्था बेहद सुदृढ़ हो जाएगी।

इसके साथ ही यह भी तय किया गया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित स्टेशनों के साथ-साथ अन्य सभी स्टेशनों के नवनिर्माण और सौंदर्यीकरण के दौरान उनकी ऐतिहासिक पहचान को बरकरार रखा जाएगा।

**फाटकों के विकल्प और नई रेल लाइन पर चर्चा:** बैठक में विभिन्न संवेदनशील रेलवे फाटकों को बंद किए जाने और उनके स्थान पर बनने वाले आरयूबी (रोड अंडर ब्रिज) के निर्माण की वर्तमान स्थिति पर रेलवे अधिकारियों ने वस्तुस्थिति स्पष्ट की। इसके अतिरिक्त यातायात और माल ढुलाई को सुगम बनाने के लिए बछवाड़ा-कटिहार रेलखंड पर चौथी रेल लाइन निर्माण की महत्वाकांक्षी योजना पर भी गंभीर मंथन हुआ। विकासात्मक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए सोनपुर आयोजना क्षेत्र में नई रेलवे पटरी बिछाने की संभावनाओं और प्रस्तावित सैटेलाइट टाउनशिप क्षेत्रों को रेलवे नेटवर्क से सीधे जोड़ने की शुरुआती रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

**बेहतर समन्वय के लिए नियुक्त होंगे नोडल अधिकारी:** सांसदों और रेलवे प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल और क्षेत्रीय समस्याओं के त्वरित गति से निपटारे के लिए बैठक में एक बड़ा नीतिगत फैसला लिया गया। अब प्रत्येक सांसद के संसदीय क्षेत्र से जुड़ी रेल योजनाओं और जनसमस्याओं के प्रभावी अनुश्रवण के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा अलग से एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। यह अधिकारी सीधे सांसदों के संपर्क में रहकर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे।

100 से अधिक अधिकारी रहे मौजूदः

बैठक में सोनपुर रेल मंडल के 100 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने अपने-अपने विभागों और परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट सांसदों के समक्ष प्रस्तुत की।

## सोनपुर में 51 करोड़ की कटाव रोधी परियोजना का शिलान्यास, ग्रामीणों में हर्ष



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सारण जिले के सबलपुर प्रखंड में गंगा नदी के कटाव से राहत दिलाने के लिए लगभग 51 करोड़ की लागत से बनने वाले रिंग बांध (कटाव रोधी कार्य) का मंगलवार को भव्य शिलान्यास किया गया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्घाटन स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी और सोनपुर विधायक विनय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और पुष्प वर्षा कर किया।ज्ञात हो कि पिछले वर्ष आई भीषण बाढ़ में सबलपुर में भारी कटाव हुआ था, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। इसके बाद ग्रामीणों की एक समिति ने सांसद रूडी से मिलकर इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की गुहार लगाई थी।

सांसद की पहल पर जल संसाधन विभाग ने इस परियोजना को मंजूरी दी। इस अवसर पर सांसद रूडी ने कहा कि रिंग बांध बनने से सबलपुर दियारा के लोगों को कटाव से स्थायी मुक्ति मिलेगी। उन्होंने घोषणा की कि इसी क्षेत्र के पास 'गंगा अंबिका पथ' के निर्माण की भी स्वीकृति मिल चुकी है, जिसका कार्य जल्द शुरू होगा। रूडी ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा और संचालन सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश शर्मा ने किया। इस दौरान भाजपा नेता राकेश सिंह, निशुनारायण सिंह, एसडीओ धर्मेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मढ़ौरा में बकरीद को लेकर अनुमंडलीय शांति समिति की बैठक आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय अनुमंडल सभागार में मंगलवार को एसडीओ निधि राज की अध्यक्षता में अनुमंडलीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आगामी बकरीद पर्व को क्षेत्र में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर यह अहम बैठक बुलाई गई थी।

इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सविंदर कुमार दास सहित विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष और क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ निधि राज ने लोगों से त्योहार को आपसी सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें। डीएसपी सविंदर कुमार दास ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मढ़ौरा बीडीओ अभिषेक कुमार प्रभाकर, सीओ अंबपाली यादव, मढ़ौरा थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, गौरा थाना अध्यक्ष मो. महताब खां सहित कई अधिकारी और प्रबुद्ध नागरिक भी उपस्थित रहे और सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिया।

## राज्य मंत्री जगन्नाथ ठाकुर का बहुआरा पट्टी में भव्य स्वागत, परशुराम मंदिर में की पूजा



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** बिहार के राज्य स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के नव मनोनीत सदस्य सह राज्य मंत्री जगन्नाथ ठाकुर के मढ़ौरा प्रखंड के बहुआरा पट्टी आगमन पर सोमवार देर शाम को जोरदार स्वागत किया गया। मंत्री ने यहाँ निर्माणाधीन भगवान परशुराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया, जिसके बाद स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान उनके साथ मौजूद भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अनिल सिंह का भी गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मंदिर निर्माण समिति के संयोजक डॉ. राम बाबू सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए मंत्री के उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

समारोह की अध्यक्षता समिति के संरक्षक शंभू प्रसाद सिंह ने की, जबकि संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह ने किया।इस अवसर पर अवध किशोर सिंह 'गांधीजी', प्रो. राम बाबू सिंह, परशुराम सिंह, दीनानाथ सिंह, गामा सिंह, विभूति सिंह, आशुतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अमित सिंह, अन्टु सिंह, श्यामनंदन शर्मा 'विद्रोही जी', धनंजय शर्मा, अमरेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अंबिका मांझी, राकेश सिंह उजाला, पूर्व अध्यक्ष बलबीर सिंह और ओ.बी.सी. मोर्चा अध्यक्ष अनिल शर्मा समेत भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट में आधे दर्जन घायल

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के महम्मदपुर गांव में मंगलवार की सुबह रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई. इस मारपीट में दोनों पक्षों के आधे दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए. बताया जाता है कि मंगलवार की अहले सुबह पारस ठाकुर की पत्नी शौच से पगडंडी के रास्ते वापस आ रही थी. इसी रास्ते को लेकर तुलसी शर्मा के परिजनों के साथ विवाद हो गया एवं दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गयी. मारपीट की इस घटना में एक पक्ष से किरण देवी, सूरज ठाकुर एवं दीपक कुमार जबकि दूसरे पक्ष से सुमित्रा देवी, तुलसी शर्मा, जीतेंद्र शर्मा एवं धीरज शर्मा घायल हो गये. सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पानापुर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने सुमित्रा देवी एवं किरण देवी को छपरा कर दिया. थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।




## नाबालिग किशोरी के अपहरण मामले में नामजद गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/**पानापुर (सारण)। गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाने की पुलिस ने पृथ्वीपुर गांव में छापेमारी कर एक नाबालिग किशोरी के अपहरण मामले में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार अभियुक्त मकेर थाना क्षेत्र का बताया जाता है जो पृथ्वीपुर अपनी बहन के घर आया हुआ था. मालूम हो कि गत 5 मार्च की दोपहर पृथ्वीपुर गांव से सतजोड़ा बाजार गयी एक 16 वर्षीया किशोरी गायब हो गयी थी।

## मंत्री से मिलीं विधायक छोटी कुमारी, सड़क व पर्यटन विकास पर हुई चर्चा



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार सरकार के नवनियुक्त पथ निर्माण मंत्री से मंगलवार को उनके कार्यालय कक्ष में विधायक छोटी कुमारी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंत्री को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और छपरा विधानसभा क्षेत्र की सड़क समस्याओं व विकास आवश्यकताओं को प्रमुखता से उठाया। विधायक ने ग्रामीण व शहरी सड़कों के चौड़ीकरण, जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण और लंबित परियोजनाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। पथ निर्माण मंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार आधुनिक सड़क व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का भरोसा दिया। इसके बाद, विधायक छोटी कुमारी ने खान एवं भूतत्व तथा कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने सारण के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व वाले महर्षि दधीचि आश्रम का पुरातात्विक सर्वेक्षण कराकर उसे सरकारी मान्यता देने तथा सौंदर्यीकरण करने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने प्रसिद्ध गौतम ऋषि स्थान को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए उसे 'राम सर्किट' से जोड़ने और पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की मांग रखी। विधायक ने कहा कि इन सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण से क्षेत्र की पहचान मजबूत होगी और धार्मिक पर्यटन बढ़ने से स्थानीय लोगों को रोजगार व आर्थिक लाभ मिलेगा।

## खैरा में रिपेयरिंग दुकान में आग लगने से हजारों की संपत्ति राख

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** खैरा थाना क्षेत्र के खैरा बाजार स्थित एक रिपेयरिंग दुकान में सोमवार की बीती रात अचानक आग लगने से हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई.घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई. सूचना मिलने पर पहुंची अग्निशमन टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.जानकारी के अनुसार दुकान में जल रहे दीये से अचानक आग लग गई,जिसके बाद दुकान में रखे छोटे गैस सिलेंडर ने भी आग पकड़ लिया. देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी. दुकानदार राजेंद्र शर्मा ने बताया कि आग लगने से दुकान में रखे दवा छिड़कने वाला मशीन,दो बंडल छाता,मशाला पीसने वाला मशीन,कुकर सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया.उन्होंने लगभग 80 हजार रुपये की क्षति होने की बात कही है.स्थानीय लोगों के सहयोग एवं अग्निशमन कर्मियों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया,जिससे आसपास की अन्य दुकानों को नुकसान होने से बचा लिया गया.इस मौके पर खैरा थाना पुलिस टीम मौके पर दल बल के साथ मौजूद थी ।

## सीएचसी नगरा में परिवार नियोजन शिविर हुआ आयोजित

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा में मंगलवार को जननी संस्था के तत्वावधान एवं मोबियस फाउंडेशन की आकार परियोजना के तहत परिवार नियोजन शिविर का आयोजन किया गया.शिविर का संचालन नगरा सीएचसी प्रभारी डॉ दिनेश चंद्र एवं परिवार नियोजन काउंसलर खुशबू कुमारी की देखरेख में किया गया.शिविर में कुल छह महिलाओं ने बंध्याकरण के लिए पंजीकरण कराया.चिकित्सकीय जांच के बाद दो महिलाएं ऑपरेशन के लिए उपयुक्त नहीं पाई गई,जबकि शेष चार महिलाओं काजल कुमारी,रिंकी,निक्की खातून एवं ललिता कुमारी का सर्जन डॉ कमरुजमा द्वारा सफलतापूर्वक बंध्याकरण किया गया.जननी संस्था के जिला क्षेत्र समन्वयक कुमार अमन ने बताया कि जननी टीम द्वारा प्रखंड स्तर पर स्थायी एवं अस्थायी परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं.उन्होंने बताया कि नसबंदी कराने वाली महिलाओं को 2000 रुपये तथा पुरुषों को 3000 रुपये की प्रोत्साहन राशि सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है. वहीं महिला बंध्याकरण के लिए प्रेरक आशा कार्यकर्ता को 300 रुपये एवं पुरुष नसबंदी के लिए 400 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है.शिविर के दौरान एएनएम पुनम कुमारी,राज कुमारी, ललिता कुमारी,ओटी कर्मी कुंदन कुमार,लैब टेक्नीशियन सौरभ कुमार,चंचल,संगम सहित जननी संस्था की टीम मौजूद रही।

## गंगा दशहरा पर मांझी के प्रसिद्ध रामघाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर मंगलवार को मांझी के प्रसिद्ध रामघाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह सूर्योदय से पहले से ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए घाटों पर पहुंचने लगे थे। दिन चढ़ने के साथ भीड़ लगातार बढ़ती गई और देखते ही देखते रामघाट के अलावे अगल बगल के घाटों पर भी आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने सरयु में डुबकी लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और पूर्वजों की आत्मा की शांति की कामना की तथा हनुमान गढ़ी मंदिर मे पूजा अर्चना की।

**पूजा-अर्चना और दान-पुण्य का चला सिलसिला:** गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से पूजा की। जल अर्पित कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। पुरोहितों के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने विशेष पूजन किया और जरूरतमंद लोगों को दान देकर पुण्य अर्जित किया। घाटों पर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित बड़ी संख्या में परिवार पहुंचे। पूरे दिन धार्मिक अनुष्ठानों, भजन-कीर्तन और पूजन-अर्चना का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत प्रशासन की ओर से घाटों पर सुरक्षा का प्रबंध किया गया था ताकि लोग गहरे पानी में न जा सकें।

**हर-हर गंगे के जयकारों से गूंजा वातावरण :** पंडित रंजन शर्मा ने बताया गंगा दशहरा का धार्मिक महत्व सनातन परंपरा में ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। विभिन्न पुराणों में इस दिन गंगा स्नान, जप, तप और दान के विशेष महत्व का वर्णन मिलता है। मान्यता है कि गंगा दशहरा पर श्रद्धापूर्वक स्नान और पूजन करने से व्यक्ति को दस प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना परिसर में आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विनोद कुमार व राजस्व पदाधिकारी रोजी कुमारी ने की। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा की मांझी थाना क्षेत्र हमेशा से आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की मिसाल रहा है। उन्होंने कहा की सभी लोग मिल-जुलकर इस पर्व को प्रेम और सद्भाव के साथ मनाएं। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे आपत्तिजनक संदेशों पर ध्यान न दें। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें। बैठक में पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, गश्ती दल बढ़ाने तथा असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस लगातार सक्रिय रहेगी और प्रमुख चौक-चौराहों सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। राजस्व पदाधिकारी रोजी कुमारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्तिजनक पोस्ट, अफवाह या माहौल बिगाड़ने की कोशिश किए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शांति और भाईचारे की परंपरा को कायम रखें तथा छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने दें। बैठक राजश्व पदाधिकारी रोजी कुमारी,थानाध्यक्ष विनोद कुमार, उमाशंकर ओझा,अन्नू खा, अख्तर अली,कृष्णा सिह,दिलीप ,चौधरी,हसनुद्दीन खा, सूर्यबली यादव,कौशल यादव,धनेश साह सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मशरक बाजार में बालू लदे ट्रक का टायर फटा, बाइक पर सवार दो घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के दुर्गा चौंक पर ट्रक की चपेट में आने से महिला और बच्चे मामूली रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में सोमवार की रात हुआ। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार किया। घटना के बारे में बताया गया कि महिला एक लड़के के साथ अपने बच्चे को लेकर बाजार आई थी। बाजार कर वापस लौट रहीं थीं कि दुर्गा चौक पर बालू लदे ट्रक के पीछे के टायर के तेज आवाज से फटने से गिर पड़ी, वहीं बाइक भी मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गया।

### सैटेलाइट टाउनशिप सिटी पर किसानों का आक्रोश

# 90% जमाबंदी अब भी पूर्वजों के नाम, मुआवजा प्रक्रिया पर उठे सवाल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** प्रस्तावित सैटेलाइट टाउनशिप सिटी, टोपो लैंड विवाद और जमीन रजिस्ट्री पर लगी रोक को लेकर सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र में किसानों व भु स्वमियों का विरोध तेज हो गया है। नयागांव, गोपालपुर, इस्मरी बुजुर्ग, सबलपुर और हरदिया चंवर जैसे क्षेत्र के किसानों ने जमीन अधिग्रहण और मुआवजा प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। किसानों का कहना है कि प्रभावित होने वाली करीब 90 प्रतिशत जमीन की जमाबंदी अब भी पूर्वजों के नाम दर्ज है, जिससे मुआवजा वितरण और स्वामित्व निर्धारण में बड़ी कानूनी जटिलताएं खड़ी हो सकती हैं। यहां तक की सरकार द्वारा फार्मर रजिस्ट्री में भी जमाबंदी के आधार पर लाभ देने की बात कही जा रही है.ऐसे में अधिकांश जमीन



पूर्वजों के नाम से है.सरकार ऐसी स्थिति में शिविर लगाकर भूस्वामियों को वर्तमान वंशावली एवं जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर, शपथ पत्र, लगान रशीद सहित जरूरत कागजात लेकर उस भूमि के नए जमाबंदी कायम करने के लिए वर्तमान भू स्वामी के जमाबंदी में सुधार करने की शिविर लगाए जिससे भू स्वामी के पूर्वजों के नाम से जो चली रही जमावन्दी में सुधार कर नये जमावन्दी खोले । इससे जमीन की गलत खरीद बिक्री पर भी अंकुश लगेगी साथी भूमि विवाद की समस्या भी कम होगी कोर्ट कचहरी के भी चक्कर लगाने से लोग भी अधिकांश लोग मानचित्र रहेंगे। किसानों का यह भी आरोप है कि पीढ़ियों से जमीन का बंटवारा आपसी सहमति या पंचायत स्तर पर होता रहा, लेकिन राजस्व अभिलेखों में उसका समुचित अद्यतन नहीं हो पाया। ऐसे में यदि सरकार टाउनशिप परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण करती है, तो वास्तविक खेती करने वाले या भु स्वमियों को मुआवजा मिलने में परेशानी होगी। कई मामलों में एक ही पूर्वज के कई वारिस हैं, जिससे स्वामित्व विवाद और कानूनी लड़ाई की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि जमाबंदी रिकॉर्ड में सुधार, वंशावली प्रमाण-पत्र, नामांतरण और अन्य दस्तावेजी प्रक्रियाएं लंबी एवं जटिल हैं। यदि बिना तैयारी अधिग्रहण प्रक्रिया आगे बढ़ी तो ग्रामीणों को वर्षों तक कोर्ट-कचहरी का सामना करना पड़ सकता है।इधर, नयागांव रेलवे स्टेशन रोड के समीप 'किसान सुरक्षा संघर्ष समिति' के बैनर तले बैठक और प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि किसानों की लड़ाई केवल जमीन की नहीं, बल्कि अस्तित्व और पुश्तैनी अधिकार की भी है। वक्ताओं ने मांग की कि सरकार पहले राजस्व रिकॉर्ड को दुरुस्त करे, उसके बाद ही किसी प्रकार की अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू की जाए।किसानों ने चेतावनी दी कि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## रसूलपुर में गैस आने की खबर मिलते हीं उपभोक्ताओं का उमड़ा जनसैलाब

### गैस वितरण केंद्र पर मची अफरा-तफरी, पुलिस बुलाने पर कटी पर्ची



**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)।** रसूलपुर में गैस वितरण में भारी लापरवाही और अनियमितता का मामला सामने आया है. रसूलपुर स्थित भारत गैस एजेंसी पर गैस आने की खबर मिलते ही मंगलवार को उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जमा हो गई. इस दौरान वितरक द्वारा पर्ची नहीं काटे जाने पर उपभोक्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया. स्थिति को अनियंत्रित होता देख मौके पर पुलिस को बुलाना पड़ा, जिसके बाद ही पर्ची काटने का काम सुचारू रूप से शुरू हो सका.

**गैस आने की खबर और भीड़ का जुटना:** गैस एजेंसी पर सुबह गैस सिलिंडरों की खेप पहुंचने की सूचना मिलते ही आसपास के सैकड़ों उपभोक्ता वहां पहुंच गए,और पर्ची कटाने को लेकर कड़ी धूप की परवाह किए बगैर कतारबद्ध हो गए.

अवव्यवस्था और भागमभाग : वितरक द्वारा तुरंत पर्ची नहीं काटे जाने के कारण उपभोक्ताओं का सब्र जवाब दे गया और पर्ची पाने की होड़ में केंद्र पर अफरा-तफरी और धक्का-मुक्की की नौबत आ गई. उधर धक्का-मुक्की शुरू होते हीं दर्जनों महिला उपभोक्ता लाईन छोड़कर भागने लगी. वहीं आठ-आठ घंटे धूप में खड़े रहने पर मजबूर उपभोक्ताओं ने एजेंसी संचालक पर कालाबाजारी करने का आरोप लगा रहे थे तो वहीं वितरक ने भी उपभोक्ताओं पर गैस का उठाव कर जमाखोरी करने का आरीप लगा रहे थे.

**पुलिस की दखल:** उपभोक्ताओं का आक्रोश बढ़ता देख वितरक द्वारा स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस बल के मौके पर पहुंचने और केंद्र संचालक से बातचीत के बाद ही स्थिति सामान्य हो सकी और पुलिस की मौजूदगी में कतारबद्ध तरीके से उपभोक्ताओं को पर्चियां बांटी गईं, जिसके बाद गैस वितरण का काम शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हो सका।

## सबलपुर संगम घाट पर हुआ भव्य गंगा महाआरती



**दैनिक खोज खबर/ सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के सवलपुर स्थित गंगा और नारायणी के बीच त्रिवेणी संगम धाम स्थल सबलपुर में वैदिक मंत्रोच्चार, शंख ध्वनि और सैकड़ों दीपों के बीच पंडितो द्वारा आयोजित भव्य त्रिवेणी गंगा महाआरती हुई। जिसमे श्रद्धालुओं ने मां गंगा, मही और नारायणी नदी की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस पावन अवसर पर बिहार प्रदेश उदासीन महामंडल के अध्यक्ष सह लोक सेवा आश्रम के महंत संत विष्णुदास उदासीन उर्फ मौनी बाबा, संघ के प्रचारक संत इन्द्रपालजी महाराज, महंत प्रकाश गिरिजी महाराज, आर्य समाज के स्वामी ब्रह्मानंद, संजय दास, संत कंचन दासजी महाराज और परशुरामजी सहित देश के विभिन्न कोनों से आए पूज्य संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ।?इस संगम घाट के अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर सबलपुर संगम धाम को त्रिवेणी संगम स्थल के रूप में विकसित करने की मांग करते हुए साथ ही ?बाढ़ व कटाव से सुरक्षा के मद्देनजर गंगा और नारायणी के प्रकोप से सबलपुर को बचाने के लिए प्रस्तावित उत्तरी गंगा अम्बिका पथ के डीपीआर में सबलपुर के सभी नदी तटों को अनिवार्य रूप से शामिल करने की भी मांग सरकार से की गयी ।

## निर्माणधीन पंचायत सरकार भवन के निर्माण सामाग्री गोदाम में ताला काट चोरी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बंगरा पंचायत के बंगरा गांव में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन के निर्माण सामग्री गोदाम का ताला काट अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी करने के घटना की सूचना पर पुलिस 112 की टीम ने पहुंच जांच पड़ताल की। मामले में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह ने बताया कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण उनके पंचायत के बंगरा गांव में किया जा रहा है,उसी को लेकर वहीं पर एक भवन को गोदाम बना सामान रखा गया है। उसी का ताला काट अज्ञात चोरों के द्वारा पानी का मोटर, लोहे का सरिया और अन्य सामान चोरी कर ली गई है। अज्ञात चोरों ने गोदाम का ताला काट चोरी की गयी हैं।

## बकरीद पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व क़ो मनाने की पहलेजा थानाध्यक्ष ने की अपील

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के पहलेजा थाना परिसर में आगामी 28 मई क़ो मनाने वाले बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने की। बैठक में थाना क्षेत्र के दोनों समुदायों के लोग उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा कि पहलेजा थाना क्षेत्र हमेशा से आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ सभी पर्व के शांति पूर्वक मनाते आ रहे। इस बार भी पर्व क़ो शन्ति और आपसी प्रेम बनाकर दोनों समुदाये के लोग मनाये क्योंकि बकरीद का पर्व शांति, त्याग और मानवता का संदेश देता है, इसलिए सभी लोग मिल-जुलकर इस पर्व को प्रेम और सद्भाव के साथ मनाएं। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे आपत्तिजनक संदेशों पर ध्यान न दें। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय थाना को दें। बैठक में पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, गश्ती दल बढ़ाने तथा असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन की ओर से कहा गया कि पर्व के दौरान पुलिस लगातार सक्रिय रहेगी और प्रमुख चौक-चौराहों सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

## पूर्व के विवाद को लेकर युवक को कमरे में बंद कर पीटा,युवक को मुक्त कराने में पुलिस के छूटे पसीने

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के महम्मदपुर गांव में पूर्व के विवाद को लेकर एक युवक को कमरे में बंद कर पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है. मालूम हो कि गत 10 मई को उदय नाथ तिवारी एवं हरेराम तिवारी के परिजनों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हुई थी. इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी. इस बीच मंगलवार की सुबह हरेराम तिवारी शिवमंदिर की तरफ जा रहे थे. इसी दौरान उदय तिवारी उसकी पत्नी उर्मिला देवी एवं पुत्र अभिषेक कुमार ने हरेराम तिवारी को बंधक बना लिया एवं घर में बंद कर लाठी डंडे से जमकर पिटाई की. इस बीच ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आरोपितों के आगे लाचार दिखी. बाद में थानाध्यक्ष संजीत कुमार के नेतृत्व में थाने से पुलिस बल के जवान मौके पर पहुँचे एवं युवक को मुक्त कराया एवं इलाज के लिए सीएचसी पानापुर में भर्ती कराया. सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने छपरा रेफर कर दिया. वही पुलिस ने आरोपित पति पत्नी एवं उसके पुत्र को हिरासत में लें लिया.थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तीनों व्यक्तियों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है.

## पिकअप-बाइक की टक्कर में दो घायल, सीएचसी में उपचार जारी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के दुर्गा चौक पर पिकअप और बाइक की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में हुआ।घायलों की पहचान किशुनपुरा गांव निवासी शिवबालक प्रसाद के 50 वर्षीय पुत्र सुभाष प्रसाद तथा मशरक शास्त्री टोला निवासी सुरेन्द्रमणी तिवारी के 40 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र तिवारी के रूप में हुई है। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. एस के विद्यार्थी द्वारा दोनों घायलों का उपचार किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि आगे चल रही पिकअप वाहन के गेट में पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गए।

## पटना पुलिस ने हिंदुस्तान मीडिया एलेवन को 26 रनों से किया पराजित



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सार।** पटना के सिग्मा स्टेडियम में पटना पुलिस तथा हिंदुस्तान मीडिया 11 के बीच में खेले गए एक मैच में पटना पुलिस ने हिंदुस्तान मीडिया 11 को 26 रनो से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। टॉस जीतकर पहले खेलते हुए पटना पुलिस की टीम ने 14 ओवरों में हिटलर के 48 रनों जिसमें चार चक्के, लक्ष्मण के 24 रनों तथा कप्तान प्रभय के 17 रनों के बदौलत 7 विकेटो के नुकसान पर 129 रन बनाए।जवाब में खेलते हुए पटना मीडिया एलेवन की टीम 12 ओवरो में 103 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें रौनक ने सर्वाधिक 51रन बनाए। पटना पुलिस की ओर से सर्वाधिक तीन विकेट सावन ने लिया।इस आशय की जानकारी देते हुए पटना पुलिस के अभिषेक सिंह ने बताया कि पटना पुलिस के एस आई हिटलर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## गंगा दशहरा को कोठेयां विदेशी ब्रह्म बाबा मेला में उमड़े श्रद्धालु

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर (सारण)।** गंगा दशहरा के दिन मंगलवार को कोठेयां जलालपुर में लगने वाला विदेशी ब्रह्म बाबा के विशाल मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।सुबह से ही श्रद्धालु विदेशी बाबा की पूजा अर्चना और मेला भ्रमण करने के लिए पहुंचने लगे थे।महिलाएं बच्चे और युवाओं की सर्वाधिक उपस्थिति रही। इस मेला की मान्यता है कि गंगा दशहरा के दिन जिनके घर शादियां या मांगलिक कार्य हुआ रहता है उस परिवार के लोग आकर इस दिन विशेष पूजा अर्चना करते हैं और मन्नते मांगते हैं।इस दिन पूजा अर्चना करने वालों की मन्नते पूरी होती रही है। शादी वाले घरों से ककऊर बुकवा प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है। लोग पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर मे धागा बांधते हैं और लंगोट चढ़ाते हैं। इस बार के मेले में रिकॉर्ड तोड़ भीड़ भी रही और दुकानों की संख्या भी



सर्वाधिक रही।यहां बिकने वाले सामानो मे लकड़ी व प्लास्टिक के फर्नीचर,तरबूज, मिट्टी के बर्तन और लकड़ी के सामानो की प्रमुखता रही।मीठे की गरम-गरम जलेबियां, चटपटा चाट, गोलगप्पे सभी को पसंद आ रहा था। उनकी दुकानों पर इस भीषण गर्मी में भी भीड़ लगी रही।इस बार क ई बड़े झूले भी लगाए गए थे। इस मेले मे सारण सिवान गोपालगंज, उत्तर प्रदेश के बलिया देवरिया से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। विदेशी बाबा के इस पवित्र स्थल पर जो माथा टेकते हैं उनकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस ऐतिहासिक मेले को लेकर कई स्वयंसेवी संगठनो ने प्याऊ और शरबत,गुड़ चना की व्यवस्था की थी।मेले में शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए स्थानीय प्रशासन व पुलिस और आईटीबीपी के जवान सक्रिय दिखे।मेला आयोजन समिति के सदस्य जदयू नेता राजीव सिंह समाजसेवी सविन्द्र सिंह ने बताया कि इस मेले का लोग वर्ष भर इंतजार करते है। इस मेला मे आने वाले लोगो पर बाबा की कृपा बनी रहती है।मेले मे क ई स्वयं संगठनो के अलावा जलालपुर के प्रसिद्ध विहंगम सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं के लिए मीठा,चना व नींबू -पानी की व्यवस्था की ग ई थी। संस्था के अध्यक्ष राधेश्याम जी गुप्ता, सचिव शैलेन्द्र साधु, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण कुमार तिवारी, समाजसेवी व परिवार संरक्षक श्रीराम राय,डा मुन्ना भास्कर, माधोपुर पंचायत के युवा मुखिया धर्मेंद्र यादव,कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता,पुष्पेंद्र तिवारी सुनील शिवराम,अमृतेश तिवारी, राहुल शर्मा, दीपक यादव,पप्पू बाबा व पंकज कुमार ठाकुर लगे हुए थे।

## 2 जून को होने वाले सहयोग शिविर की तैयारी तेज, डीएम व डीडीसी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख़्तर/सीवान।** पचरुखी प्रखंड अंतर्गत शंभोपुर में 2 जून को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर को लेकर मंगलवार को जिला प्रशासन सक्रिय दिखा। शिविर की तैयारियों का जायजा लेने हेतु जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय एवं उप विकास आयुक्त ने शंभोपुर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शिविर स्थल की व्यवस्था, आम लोगों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी वैभव शुक्ला भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल की मौजूदगी रही। जिला प्रशासन द्वारा सहयोग शिविर को सफल एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की तैयारी की जा रही है।

## असांवःकरंट लगने से दुधारू मवेशी की मौत

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख़्तर/सीवान।** असांव थाना क्षेत्र के मनिया गांव में विद्युत करंट लगने से एक दुधारू मवेशी की मौत हो गई। घटना के बाद पशुपालक परिवार में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार मनिया गांव निवासी उमाशंकर दूबे किसान का दुधारू मवेशी घर के बगल में घास चर रही थी।उसी दौरान अचानक बिजली के तार की चपेट में आने से उसे करंट लग गया।परिजन और आसपास के लोग मवेशी को बचाने के लिए दौड़े, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।ग्रामीणों ने बताया कि मृत मवेशी परिवार की आजीविका का मुख्य साधन था।घटना से पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जर्जर तारों की मरम्मत कराने और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।घटना के बाद गांव में लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## देवरिया पंचायत के पूर्व मुखिया का निधन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** महाराजगंज प्रखंड क्षेत्र की देवरिया पंचायत के पूर्व मुखिया अजीत प्रसाद उर्फ आजादी बाबू के निधन से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि वह सोमवार को अपने ससुराल में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पूर्व मुखिया के निधन की खबर मिलते ही पंचायत क्षेत्र में शोक का माहौल कायम हो गया। उनके आवास पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व मुखिया सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे तथा लोगों की समस्याओं के समाधान में हमेशा आगे रहते थे। उनके निधन को पंचायत के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख़्तर/सीवान।** हुसैनगंज थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हथियार के साथ दो बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के रगड़ टोला पूर्वी हरिहास निवासी अनिश कुमार यादव व हसनपूरा निवासी आशीष पांडेय है। इनके पास से एक पिस्टल, एक कारतूस, एक मैगजीन बरामद हुआ। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि 25 मई की सुबह करीब दस बजे हुसैनगंज थाना को सूचना मिली कि हुसैनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खुदाईबारी मोड़ के पास तिवारी मेडिकल स्टोर के सामने सड़क पर दो व्यक्ति आपस में पिस्टल को लेकर विवाद कर हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम पहुंची तो पुलिस वाहन को देखकर दोनों अभियुक्त भागने का प्रयास किया, उपलब्ध बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। जांच एवं तलाशी के क्रम में दोनों युवक के पास से एक पिस्टल एवं एक कारतूस मैगजीन सहित बरामद किया गया।

## जंक्शन के गेट से 49.50 लीटर शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जंक्शन के गेट से 49.50 लीटर शराब बरामद कर उसे जीआरपी को सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में एसपी ने बताया कि यातायात थाना में प्रतिनियुक्त गृहरक्षक की तत्परता से जंक्शन के बाहर गेट से कुल 49.50 लीटर अवैध शराब बरामद कर रेल थाना पुलिस टीम को सुपुर्द किया गया।

## मृतक बंदी तोमर हथियार की करता था तस्करी

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख़्तर/सीवान।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में मंगलवार को अलसुबह बस दुर्घटना में सिवान के दारोगा व मंडल कारा में बंद बंदी हरियाणा के गुड़गांव जिले के लक्ष्मण बिहार निवासी डा. सीएस तोमर उर्फ छत्रसाल सिंह तोमर की मौत के बाद पुलिस महकमा में हलचल रही। पुलिस खेमे में दारोगा की अकाल मृत्यु से शोक की लहर देखी गई। वहीं डा. सीएस तोमर, महादेवा थाना क्षेत्र के रामदेव नगर में किराए के मकान में रह रहे जिला परिषद के लिपिक राकेश पाठक उर्फ विक्की पाठक की 27 मई 2023 में हत्या मामले में सिवान मंडल कारा में बंद था। इस मामले में सारण के नगर थाना क्षेत्र के बिचला तेलपा निवासी मृत राकेश के भाई संजय पाठक ने महादेवा थाना में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी कराई थी। किसी मामले में डा. सीएस तोमर की पेशी 25 मई को गुरुग्राम कोर्ट में निर्धारित थी। मिली जानकारी के अनुसार तोमर हथियार की तस्करी करता था।

## विभिन्न कांडों में चार ने किया न्यायालय में आत्मसमर्पण

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख़्तर/सीवान।** जिलांतर्गत दर्ज विभिन्न कांडों के चार अभियुक्तों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। इस संबंध में एसपी ने बताया कि अपराध नियंत्रण एवं बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु कांडों में वांछित बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नौतन थाना कांड संख्या-98/26, एससी/ एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त नौतन थाना क्षेत्र के गंधापरा निवासी पवन असाद उर्फ पवन कुमार, पचरुखी थाना कांड संख्या-55/26, आर्म्स एक्ट में वांछित बड़हरिया थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी प्रिंस कुमार, जीबी नगर थाना कांड संख्या-217/24, दहेज उत्पीड़न में वांछित अभियुक्त जीबी नगर थाना क्षेत्र के शाहपुर मठिया निवासी मनोरंजन भारती व दरौंदा थाना कांड संख्या-242/23, मारपीट में वांछित अभियुक्त रूकुद्दीपुर निवासी रिषभ कुमार है। इन सभी अभियुक्तों ने 25 मई को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।

## बकरीद को ले शांति समिति की बैठक

**दैनिक खोज खबर/हुसैनगंज (सिवान)।** थाना परिसर में सोमवार को थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार, सीओ दिव्य प्रकाश की उपस्थिति में 28 मई को होने वाले त्याग एवं समर्पण के बेमिशाल त्योहार ईद उल अज़हा (कुर्बानी) को लेकर क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने सभी से अनुरोध किया कि वे सौहार्दपूर्ण माहौल में उत्सव मनाएं और अफवाहों पर ध्यान न दें।

# सीवान : 19 फरियादियों ने एसपी को सुनाई अपनी पीड़ा



**दैनिक खोज खबर/ परवेज़ अख़्तर/सीवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा द्वारा जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को जनता दरबार लगाया गया। इस दौरान एसपी ने उपस्थित 19 लोगों की फरियादें सुनीं। जनता दरबार में सर्वाधिक मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए थे। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का आन द स्पाट निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित थानाध्यक्ष को आदेशित किया गया।

## निम्स इलेक्ट्रो होम्योपैथी संस्थान का मना 11वां स्थापना दिवस

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** शहर के लक्ष्मीपुर स्थित निम्स ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में सोमवार को 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी साइंटिफिक सेमिनार 2026 का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता संस्थान के मुख्य प्रबंध निदेशक डा. मो. इन्तेखाब परवेज ने की। इस अवसर पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति, कैंसर रिसर्च तथा स्वास्थ्य जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है, ताकि मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके। सेमिनार में डा. बाबर अली, डा. लोकनाथ सिंह, डा. एस. आर. पंडित तथा डा. मनीष कुमार पांडेय समेत कई विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा, रिसर्च और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।कार्यक्रम के दौरान संस्थान की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया। साथ हीं शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया गया। आयोजन को सफल बनाने में संस्थान के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सकों, छात्र-छात्राओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## जामो थाना: पूर्व के विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, वृद्धा की मौत

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** जामो थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में दो पट्टीदारों के बीच पुराने विवाद को लेकर सोमवार को खूनी संघर्ष हो गया। इस घटना में धारदार हथियार से हुए हमले में एक पक्ष से गंभीर रूप से घायल वृद्धा की इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई, जबकि महिला का पुत्र जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दी। । मृतका की पहचान जलालपुर गांव निवासी सुरेश दुबे की 61 वर्षीय पत्नी तारा देवी के रूप में हुई है। घायल तार देवी का छोटा पुत्र सुजीत कुमार उर्फ विशाल है।बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम तारा देवी का छोटा पुत्र सुजीत कुमार उर्फ विशाल दुकान बंद कर घर लौट रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे पट्टीदारों ने उस पर अचानक हमला कर दिया। पुत्र के शोर मचाने पर बचाव के लिए तारा देवी और अन्य स्वजन मौके पर पहुंचे। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार से तारा देवी और उसके पुत्र पर हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव करते हुए घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में भी हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने दोनों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। पटना में इलाज के दौरान मंगलवार को तारा देवी की मौत हो गई। वहीं उनका पुत्र अब भी अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## जिले में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

**दैनिक खोज खबर/ सिवान।** पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है सघन वाहन जांच अभियान में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में पुलिस पदाधिकारियों द्वारा दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की जांच करते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के वैध कागजात, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वाहन नंबर प्लेट आदि की जांच की जा रही है। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमानुसार ई-चालान एवं अन्य विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। वाहन जांच के दौरान यह भी देखा गया कि कुछ लोग अपने वाहनों पर प्रेस, पुलिस, जातिसूचक शब्द अथवा अन्य अनधिकृत शब्द अंकित कर वाहन का उपयोग कर रहे हैं। जिला पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बिना सक्षम प्राधिकरण की अनुमति के वाहन पर इस प्रकार के शब्द लिखना नियमों के विरुद्ध है। ऐसे मामलों में संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा-177 एवं 179 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें, वाहन के सभी आवश्यक कागजात साथ रखें तथा वाहन पर किसी प्रकार का भ्रामक, अनधिकृत अथवा नियम विरुद्ध शब्द अंकित न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निष्पक्ष एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हुसैनगंज में एडीएम ने फार्मर रजिस्ट्रेशन का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** हुसैनगंज प्रखंड क्षेत्र के प्रतापपुर, सिधवल एवं मचकना पंचायत में सोमवार को अपर समाहर्ता सह पीजीआरओ मोहमद इश्तेयाक अहमद अंसारी ने इन तीनों पंचायतों का भ्रमण कर किसानों के लिए बन रहे फार्मर रजिस्ट्रेशन का विधिवत जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को कार्य में तेजी लाने हेतु सख्त निर्देश दिए।

इसी क्रम में दो जून को होने वाली सहयोग शिविर के लिए आवेदन एवं निष्पादन हेतु प्रखंड स्तरीय सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ मचकना पंचायत सरकार भवन में समीक्षात्मक बैठक की गई।

बैठक में विभाग के कार्य योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ लोगों से इससे संबंधित आवेदन, सुझाव, शिकायत लेने और समय पर निष्पादन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर बीडीओ राहुल कुमार, सीओ दिव्य प्रकाश, मुखिया समित कुमार सिंह सहित अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और पंचायत के कर्मी उपस्थित रहे।

प्रखंड क्षेत्र के प्रतापपुर, सिधवल एवं मचकना पंचायत में सोमवार को अपर समाहर्ता सह पीजीआरओ मोहमद इश्तेयाक अहमद अंसारी ने इन तीनों पंचायतों का भ्रमण कर किसानों के लिए बन रहे फार्मर रजिस्ट्रेशन का विधिवत जायजा लिया ,और संबंधित कर्मियों को कार्य में तेजी लाने हेतु सख्त निर्देश दिया गया।

इसी क्रम में दो जून को होने वाली सहयोग शिविर के लिए आवेदन,निष्पादन हेतु प्रखंड स्तरीय सभी विभाग के पदाधिकारी के साथ मचकना पंचायत सरकार भवन में समीक्षात्मक बैठक की गई और विभाग के कार्य योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ लोगों से इससे संबंधित आवेदन, सुझाव,शिकायत लेने और ससमय निष्पादन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।

## भूमि विवाद को ले मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के नगवां गांव के शैलेश कुमार प्रसाद की पत्नी सुमालती रानी के आवेदन पर सोमवार को भूमि विवाद में गांव के ही पांच लोगों पर मारपीट तथा गाली गलौज करने की प्राथमिकी कराई है । इस मामले में उन्होंने गांव के ही विनय कुमार , सुदीश कुमार , विकेश कुमार , मन्नू कुमार तथा विशाल कुमार को आरोपित किया है ।

## हिरण का बच्चा बरामद वन विभाग को सौंपा गया

**दैनिक खोज खबर/दरौली (सिवान)।** दरौली थाना क्षेत्र के डुमरहर गांव में पुलिस ने एक हिरण के बच्चे को बरामद कर उसे सुरक्षित रूप से वन विभाग के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव में एक हिरण का बच्चा मौजूद है।सूचना मिलते ही दरौली थानाध्यक्ष विवेक कुमार पुलिस टीम लेकर पहुंचे और हिरण के बच्चे को अपने कब्जे में ले लिया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हिरण का बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे वन विभाग की टीम को सौंप दिया गया ताकि उसकी उचित देखभाल और संरक्षण किया जा सके। इस दौरान गांव में हिरण के बच्चे को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने पुलिस और वन विभाग की तत्परता की सराहना की।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हिरण के बच्चे को सुरक्षित स्थान पर रखा जाएगा और उसकी निगरानी की जाएगी।

## सिसवन : ट्रैक्टर का इंजन पलटने से चालक की मौत, परिजनों में कोहराम

परवेज़ अख़्तर/सीवान। सिसवन थाना क्षेत्र के महानगर गांव में सोमवार को मिट्टी ढुलाई के दौरान ट्रैक्टर का इंजन पलट जाने से चालक की मौत हो गई। चालक महानगर गांव निवासी सुग्रीव यादव के पुत्र राजेश यादव बताए जाते हैं। राजेश महानगर निवासी सुग्रीव यादव का इकलौते पुत्र था और चैनपुर-महानगर मुख्य सड़क पर मिट्टी ढुलाई का कार्य कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद राजेश को इंजन के नीचे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। राजेश अपने पीछे पत्नी, चार बेटियां और एक बेटा को छोड़ गए हैं। इकलौते कमाऊ सदस्य की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में चीख-पुकार मची हुई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया।

## खडी ई- रिक्शा में बाइक की जोरदार टक्कर, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**दैनिक खोज खबर/ परवेज़ अख़्तर/सीवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के रंगरौली गांव के समीप मांझी-बरौली मुख्य सड़क पर मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई तथा लोगों की भीड़ जुट गई। मांझी बरौली पथ करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित हुई थी। मृत युवक की पहचान दारौंदा थाना क्षेत्र के रगड़गंज गांव के निवासी शंकर महतो का पुत्र प्रदीप कुमार था। घायल मनोज महतो का पुत्र अरविंद महतो है।बताया जाता है कि रानीबारी बाजार की ओर से तेज रफ्तार बाइक पर सवार दो युवक जा रहे थे। इसी दौरान रंगरौली गांव के समीप सड़क किनारे खड़ी ई-रिक्शा में बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

हादसे में प्रदीप कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए महाराजगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सिवान रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही दारौंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद मृतक के स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## पूर्व विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट, दंपती समेत एक दर्जन घायल

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के गरौली गांव में मंगलवार को पूर्व विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दंपती समेत करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। सभी घायलों को इलाज के लिए दारौंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए सदर अस्पताल सिवान रेफर कर दिया। घायलों में प्रथम पक्ष के आरती देवी, पति ओमप्रकाश ठाकुर, अमित कुमार, पिता देव प्रसन्न ठाकुर, रामवती देवी, प्रदीप ठाकुर तथा प्रवीण कुमार घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के बिंदा देवी, पति सत्यनारायण प्रसाद, सुनील कुमार, पिता सत्य प्रकाश प्रसाद, विपुल उर्फ विपिन कुमार, सत्य प्रकाश प्रसाद तथा जयमाला देवी शामिल हैं। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच पूर्व से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार को इसी बात को लेकर कहासुनी हुई, देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## सिसवनः हवन-पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ शतचंडी महायज्ञ संपन्न

दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख़्तर/सीवान। सरयू तट स्थित निरखापुर, साईंपुर, नवकाटोला त्रिमोहानी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में 18 मई से चल रहा नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ मंगलवार को हवन-पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। महायज्ञ के समापन पर क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा तथा हजारों श्रदैनिक खोज खबर/द्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महायज्ञ यज्ञकर्ता 108 जगतनारायण दास महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कराई। यज्ञाचार्य श्री बसंत कुमार मिश्रा उर्फ दिलदार बाबा एवं अन्य ब्राह्मणों ने पूरे विधि-विधान से अनुष्ठान संपन्न कराया। महायज्ञ में मिथिलेश कुमार मिश्रा अपनी पत्नी अराधना मिश्रा के साथ मुख्य यजमान बने। नौ दिनों तक उन्होंने सपरिवार यज्ञ वेदी पर आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। समापन अवसर पर मुख्य यजमान मिथिलेश मिश्रा ने कहा कि यह महायज्ञ पूरे सिसवन क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं कल्याण के लिए आयोजित किया गया था।

## चोरी की एक पिकअप के साथ तीन मवेशी बरामद, एक गिरफ्तार

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** हुसैनगंज थानान्तर्गत चोरी की एक पिकअप के साथ पुलिस ने तीन मवेशी को बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर नौतन थाना क्षेत्र के पचलखी निवासी रिंकू नट है। जिसे पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि 25 मई की अलसुबह करीब दो बजे हुसैनगंज थाना को गुप्त सूचना मिली कि चैनपुर की तरफ से एक पिकअप पर चोरी की गई मवेशी को लेकर तस्कर शहर की तरफ जा रहा है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हुसैनगंज थाना पुलिस टीम द्वारा गोपालपुर बाजार के करीब पहुंचकर मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग शुरू की गई। वाहन चेकिंग के क्रम में एक संदिग्ध पिकअप चालक ने भागने का प्रयास किया। जिसे उपलब्ध बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। जांच एवं तलाशी के क्रम में एक पिकअप से तीन मवेशी बरामद किए गए। पूछताछ के क्रम में अपना नाम रिंकू नट बताया। अभियुक्त से मवेशी के बारे में पूछताछ की गई तो तस्कर राजू सिंह ने बताया कि पशुओं को उसने चैनपुर के पास से लोड किया है तथा कागजात मांगने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया ।

## पेशी करा बंदी सहित लौट रही सिवान पुलिस टीम दुर्घटना का शिकार, दारोगा व बंदी की मौत

**दैनिक खोज खबर/ परवेज़ अख़्तर/सीवान।** सिवान मंडल कारा में बंद एक बंदी को लेकर एडीजे प्रथम गुड़गांव की अदालत में पेशी कराने गई पुलिस टीम सिवान लौटने के क्रम में मंगलवार को यूपी के उन्नाव में दुर्घटना का शिकार हो गई। टीम एक एसी बस में सवार होकर सिवान लौट रही थी। तभी उन्नाव में बस पलट गई और इस हादसे में दारोगा व बंदी की मौत हो गई।

जबकि टीम में शामिल तीन अन्य जवान घायल हो गए। मृतकों में पुलिस लाइन में तैनात दारोगा सह जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र के महुआरी गांव निवासी रवि चरण राम तथा बंदी हरियाणा के गुड़गांव जिले के लक्ष्मण बिहार निवासी डा. सीएस तोमर उर्फ छत्रसाल सिंह तोमर की शामिल हैं। घायल जवान सिपाही रोधन कुमार, मो. वसीम एवं रामजी हैं।

घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के निर्देश पर लाइन डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। इस संबंध में एसपी ने बताया कि मंगलवार को प्रातः लगभग चार बजे सूचना प्राप्त हुई कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिला अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। उक्त बस में सिवान मंडल कारा से बंदी को न्यायालय, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी गुड़गांव के समक्ष 25 मई को उपस्थापन कराकर वापस लौट रहे जिला पुलिस के एक पुलिस पदाधिकारी एवं तीन पुलिसकर्मी भी सवार थे।